महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने केन्द्र सरकार के खिलाफ मौन जुलूस निकाला

बीकानेर (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आ ाहन और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर केंद्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी विरोधी पखवाड़ा आंदोलन के अंतिम दिवस पर आज बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कुम्हारों के मोड़ से गंगाशहर मुख्य बाजार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल तक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सोहन चौधरी की अध्यक्षता में मौन पदयात्रा रखी गयी

प्रवक्ता नितिन वत्सस ने बताया कि महंगाई के खिलाफ चल रहे आंदोलन पखवाड़ा के अंतिम दिवस पर केंद्र सरकार के हक की आवाज उठाने वालो पर जबरन कार्यवाही करने या सच बोलने वालों को अपने सोशल मीडिया अभियान के तहत देशद्रोही साबित करने की कार्यवाही के विरोध में मौन पदयात्रा निकाली गयी अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोहन चौधरी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार महंगाई को बढ़ा कर जिस तरह देश के मध्यमवर्गीय बहुपरिवारो को गरीबी के बोझ तले कुचलना चाहती है वो ठीक नही कांग्रेस पार्टी प्रजातंत्र के सभी वर्गों को देश मे आम जरूरतों की वस्तुएं सहज सरल सुलभ हो उसके लिए कार्य करती रही है और इस वर्ग के हक को कुचलने वालो के खिलाफ कांग्रेस चुप नही बैठेगी प्रदेश कांग्रेस सचिव गजेंद्र सिंह सांखला ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार चाहती ही नही की देश के आम अवाम को रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुए उनकी पहुंच में रहे सब्जियों के दामो में परचून के समान में आसमान को छूती कीमतों ने जीना मुहाल कर रखा है कांग्रेस इन सभी के हक हकूक के लिए लड़ती रहेगी

मौन पदयात्रा के समापन पर लोकसभा प्रत्यासी मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि आज भारत देश मे जिस तरह महंगाई बेकाबू होती जा रही है उसको देखते हुए लगता है कि केंद्र की सरकार सिर्फ विज्ञापनों की सरकार है उसको आमजन के हितार्थ कार्य करना ही नही आता उनका साशन सिर्फ अपने कुछ बड़े व्यापारी मित्रो को फायदा पहुंचाने के लिए है मौन पदयात्रा के समापन पर उपाध्यक्ष दिलीप बांठिया, पार्षद मनोज किराड़ू, ब्लॉक प्रभारी मनोज चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, ब्लॉक अध्यक्ष मगन पणेचा, ब्लॉक अध्यक्ष आंनद सिंह सोढा, महिला नेत्री मुमताज़ शेख, कार्यकारणी सदस्य एनुल अहमद, पाबूराम नायक, इकारामुदिन लोहार, भीखाराम मेघवाल, सरदारा चौधरी, दुर्गादत्त गहलोत, डी.सी.गहलोत, मैक्स नायक, हजारीमल देवड़ा,देवेंद्र सोनी,रमेश सोनी, हंसराज विश्नोई, हरिराम जाखड़, श्याम गहलोत, समीउल्ल कादरी बलराम नायक, मनीष जोशी, ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की इस अवसर पर शेख नजाकत अली, अतुल अरोड़ा, अम्बाराम मेघवाल, धर्माराम, श्रीकिशन मारू, माणक शर्मा, सरदारा राम, कोजूराम सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

नशे में धुत बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

श्रीगंगानगर, (निसं)। शहर के निकट मिर्जेवाला रेलवे फाटक के पास शनिवार देर रात ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत हो गई।

रात को बुजुर्ग के ट्रेन से कटने की जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पुलिस के अलावा आसपास के इलाकों मिर्जेवाला और अन्य गांवों से लोग पहुंचे लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई।

सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा जीआरपी को हादसे की सूचना दी। जीआरपी ने शव को श्रीगंगानगर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान रेलवे क्रॉसिंग के पास बस्ती में रहने वाले ओमप्रकाश नायक (55) के रूप में हुई है। मामला सदर थाना पुलिस के क्षेत्राधिकार का होने से मृतक के परिजनों के बारे में सदर पुलिस ने जानकारी जुटाई। उन्होंने आसपास के लोगों को सूचना दी तथा गुमशुदा लोगों का भी पता किया। सुबह मृतक के पुत्र सुनील ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। मृतक के पुत्र सुनील ने बताया कि उसका पिता ओमप्रकाश नशे का आदी था। शनिवार देर रात किसी समय वह उठा और नशे की हालत में रेल लाइन की तरफ पहुंच गया। इसी दौरान आई ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

डिसक्लेमर : **सभी ऋण एचडीएफ़सी लि., के स्व-निर्णय पर हैं. नियम और शर्तों की पूरी जानकारी के लिए www.hdfc.com पर विज़िट करें. CIN: L70100MH1977PLC019916. NETWORK HDFC2844-21 Hin

वाहनों की चोरी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

- मौज मस्ती के लिए महंगी गाड़ियां चोरी करते थे

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर के अलावा नागौर और जोधपुर में महंगी कारें व बाइक चोरी करके मौज मस्ती करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवक कार चोरी करके इधर से उधर घूमते फिरते, शराब पार्टी करते और बाद में उसी गाड़ी को बेचत देते थे। जयनारायण व्यास कॉलोनी ने इन युवकों से चार कार और दो बाइक बरामद की है। इसके साथ ही इनसे हथियार भी बरामद किए गए हैं। माना जा रहा है कि इनके अलावा भी कई कारें ये लोग आगे बेच चुके हैं। चोरी की कार खरीदने वालों की गिरफ्तारी का प्रयास चल रहा है।

सीओ सदर पवन भदोरिया ने बताया कि बीकानेर के जितेंद्र माली उर्फ जीतिया और मामराज को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने मिलकर गजनेर में 16 जुलाई को गजनेर में एक केंपर, फलौदी से एक स्कोर्पियों और एक केंपर गाड़ी भी इन्हीं युवकों ने नौ नवम्बर को चोरी की थी। ये दोनों गाड़ियां पुलिस ने बरामद कर ली है। इसके अलावा नागौर के कोतवाली थाने से 17 नवम्बर को एक अल्टो गाड़ी चोरी की थी। ये गाड़ी भी पुलिस ने बरामद कर ली है। इसके अलावा कोटगेट और सदर थाना एरिया से पिछले दिनों एक स्पलेंडर और पल्सर चोरी की थी। ये गाड़ियां भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र उर्फ जीतियां की जमानत नवम्बर के पहले सप्ताह में हुई थी। बाहर आते ही उसने फिर से चोरियों का काम शुरू कर दिया। व्यास कॉलोनी थानाधिकारी महावीर ने बताया कि जैसे ही इन एरिया से चोरी की सूचना मिली, हमनें तुरंत ये पता किया कि जीत, तभी उसकी लद्र की जमानत हुई है या नहीं। पता चला कि उसकी जमानत हो गई है। तभी से उसकी लोकेशन ली गई। साइबर टीम के दीपक यादव ने उसकी लोकेशन से पता लगाया कि वो कहां है। इसके बाद डीएसटी टीम के हेड कांस्टेबल कानदान, अब्दुल सत्तार, दीपक यादव, कांस्टेबल वासुदेव, लखविन्द्र, योगेंद्र, सवाई सिंह, दिलीप, पूनम ने मिलकर इन दोनों को गिरफ्तार किया।

बैठक आयोजित

नोखा (निसं)। बीकानेर पुलिस अधीक्षक योगेश यादव आईपीएस के निर्देशानुसार थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगीड़ की अध्यक्षता में सुरक्षा सखी समूह की महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोखा थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगीड़ ने महिलाओं पर बढ़ते अपराध व छोटी बच्चियों पर हो रहे जघन्य अपराध, पोक्सों एक्ट, पुलिस से सम्पर्क बनाए रखने, कानून की जानकारी रखने व उनका उपयोग लेने सहित कई जानकारियां दी।

जामसर में चलते ट्रक में आग लगी

- अगले हिस्से में आग देखकर चालक ने कूदकर जान बचाई, राहगीरों ने आग बुझाई

बीकानेर, (निसं)। जामसर में एक चलते ट्रक में आग लगने के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। जैसे-तैसे ट्रक को रोककर उसकी आग पर काबू पाया गया। शुक्र है कि ट्रक चालक सुरक्षित बाहर निकल गया। ट्रक के निचले हिस्से में आग लगने के बाद समय रहते उसे रोक लिया गया था।

नेशनल हाइवे पर जामसर के पास ही ट्रक के ड्राइवर साइड में नीचे की तरफ आग लग गई थी। आग धीरे धीरे अगले टायर तक पहुंची और ईंजन सहित चालक की सीट तक आ गई। ट्रक चालक को राहगीरों ने ही बताया कि नीचे आग लगी हुई है। इस पर उसने हाइवे के किनारे ट्रक को रोक दिया। बाद में आसपास के लोगों ने पानी डालकर ट्रक की आग बुझा दी। आग अगर पिछले हिस्से में लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था। डंपरनुमा इस ट्रक का अगला हिस्सा ही जला।

डेमेज कंट्रोल के लिए सरकार कुछ भी कर सकती है : डॉ. सिंह

बीकानेर, (निसं)। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के एक सलाहकार स्वयं को केबिनेट मंत्री लिख रहे हैं, वहीं दूसरे सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह ने दो कदम आगे बढ़कर कहा है कि कमला हेरिस भी अमेरिकी राष्ट्रपति की सलाहकार है। हम भी वैसे ही सलाहकार है, जैसे हेरिस है। बीकानेर यात्रा के दौरान रविवार को उन्होंने कहा कि हमें सलाहकार बनने से कोई रोक नहीं सकता।

यहां एक विवाह समारोह में हिस्सा लेने आए जितेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे पास कोई वित्तीय अधिकार नहीं है। इसके बाद भी मुख्यमंत्री को प्रदेश के विकास के लिए सलाह तो दी जा सकती है। ये मुख्यमंत्री का विश्वास है कि उन्होंने हमें इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। सिंह ने कहा कि कमला हैरिस भी तो अमेरिकी राष्ट्रपति की सलाहकार ही है। ये मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है कि वो किसी को भी अपना सलाहकार बना सकते हैं। उन्होंने माना कि मुख्यमंत्री अपने विधायकों को साथ रखने के लिए पद भी देने पड़े तो देंगे। डेमेज कंट्रोल के लिए सरकार कुछ भी कर सकती है।

मुख्यमंत्री गहलोत की तारीफ करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि कोरोना काल में देश में सबसे बेहतर काम राजस्थान में हुआ है। प्रदेश का एक भी जिला ऐसा नहीं है, जहां ऑक्सीजन प्लांट नहीं है। जितना अच्छा काम राजस्थान में मेडिकल में हुआ है, वो देशभर में नजीर के रूप में देखा जा सकता है।

इससे पहले बीकानेर आने पर जयपुर रोड पर कई जगह डॉ. जितेंद्र का स्वागत किया गया।

गांवों में अब संवेदनशील और अति संवेदनशील केन्द्रों के लिए सत्यापन होगा : हुसैन

श्रीगंगानगर, (निसं) ।जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जाकिर हुसैन के अनुसार पंचायती राज चुनाव के दौरान पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों पर भौतिक सत्यापन करने के साथ साथ संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की समीक्षा की जानी चाहिए। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बैठक में जिला कलेक्टर जाकिर हुसैन ने कहा कि आरओ, एआरओ, प्रकोष्ठ प्रभारियों व पुलिस प्रशासन की शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाना सामूहिक जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को विभिन्न धाराओं में पाबंद किया जाए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि वाहनों पर सायरन व माइक सिस्टम को ठीक रखा जाए। मतदान केंद्रों पर विशेष योग्यजनों व वृद्धजनों के लिए ट्राइ साइकिल की व्यवस्था रखी जाए। बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की विशेष निगरानी की जानी चाहिए। एसपी आनंद शर्मा ने कहा कि मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। यहां घटना होने की आशंका है या पूर्व में घटनाएं हुई हैं, ऐसे स्थानों को चिन्हित कर विशेष नजर रखी जाए। आपराधिक प्रवृत्ति के नागरिकों को सीआरपीसी की धारा 107, 116, 151 व 122 के तहत पाबंद करवाया जाएगा। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की उदासीनता नहीं होनी चाहिए। चुनाव के दौरान हथियार जमा करवाए जाएंगे। जिले में बीकानेर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़ रोड व हिंदुमलकोट रोड पर नाके लगाए जाएंगे।

एडीएम प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी भवानी सिंह पंवार ने कहा कि चुनाव घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। अधिकारी अपने क्षेत्र में किसी प्रकार की प्रचार सामग्री, होर्डिंग्स आदि हटा दें। मतदान केंद्रों के अंदर भी किसी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अधिकारी अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। नामांकन के समय छोटी-छोटी गलती हो तो उसे दुरुस्त करवा लिया जाए। प्रकोष्ठ प्रभारियों को राज्य चुनाव आयोग की गाइडलाइन की पालना करवाने के निर्देश दिए गए। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में 9 एरिया मजिस्ट्रेट भी लगाए हैं।

प्रथम चरण में पंचायत समिति अनूपगढ़ के लिए आयुक्त नगरपरिषद को, घड़साना के लिए सीईओ जिला परिषद, श्रीविजयनगर के लिए राजस्व अपील अधिकारी, दूसरे चरण में श्रीगंगानगर के लिए जिला आबकारी अधिकारी, सादुलशहर के लिए सीईओ जिला परिषद, श्रीकरणपुर के लिए सचिव नगर विकास न्यास व तीसरे चरण में पदमपुर के लिए आयुक्त नगरपरिषद, रायसिंहनगर के लिए जीएम शुगर मिल व सूरतगढ़ के लिए सीईओ जिला परिषद को एरिया मजिस्ट्रेट लगाया गया है।

'प्रशासन गांव व शहरों' के संग अभियान का 1 से 3 दिसम्बर तक बहिष्कार

बीकानेर, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की प्रांतीय संघर्ष समिति के आव्हान पर प्रदेश सरकार की राज्य कर्मियों की अनदेखी, नकारात्मक विचारधारा और संवाद हीनता के विरोध में 1 से 3 दिसंबर तक प्रशासन गांव -शहरों संग अभियान का बहिष्कार करेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रविवार को कर्मचारी मैदान में महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक पृथ्वीराज लेघा की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा ने बताया कि कर्मचारियों पर आर्थिक हमले किए जा रहे हैं ।सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का माकूल जवाब देने के लिए राजस्थान के सभी कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। महासंघ गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहा है परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश में गांधीवाद प्रासंगिक नहीं रहा है ।महामंत्री देवराज जोशी ने कहा कि राज्य सरकार विगत वर्षों से कर्मचारियों को मिल रही सुविधाओं को छीनती जा रही है और कमेटियां गठित कर कर्मचारी वर्ग को निरंतर गुमराह कर रही है ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन दान चारण ने कहा कि कर्मचारी अब सरकार के भ्रम जाल में फंसने वाला नहीं है। अपितु सरकार से दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। प्रचार मंत्री लक्ष्मीनारायण प्रजापत ने कहा कि 29 व 30 नवंबर को प्रशासन गांव के संग अभियान में 1 घंटे का कार्य बहिष्कार व काली पट्टी बांधकर तथा 1 से 3 दिसंबर को होने वाले प्रशासन गांव शहरों संग शिविरों के बहिष्कार व असहयोग का निर्णय लिया है ।तथा प्रत्येक उपखंड मुख्यालय पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उपाध्यक्ष माला राम चौधरी व राम लाल सुथार ने कहा कि महासंघ कभी भी जनहित के कार्यों को रोकना नहीं चाहता परंतु महासंघ को सरकार की संवाद हीनता के कारण यह निर्णय लेना पड़ा है।

महासंघ ने सरकार को 3 वर्ष पूर्व 15 सूत्री मांग पत्र दिया था परंतु आज दिवस तक प्रतिक्रिया शून्य है जिसके कारण प्रदेश के कर्मचारी आक्रोशित है। जब तक सरकार महासंघ से संवाद कायम कर कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं करती है आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में पृथ्वीराज लेघा, पवन दान चारण ,देवराज जोशी लक्ष्मी नारायण प्रजापत, माला राम र मेश भाम्भू, राम लाल सुथार , राम बिश्नोई, आनंद पारीक,आनंद हटीला, बृजेंद्र सिंह, सतवीर पचार ,आनंद पारीक, संजय पुरोहित आदि कर्मचारी नेता शामिल हुए।

किसान-मजदूरों की एकता से झुकी सरकार : वर्मा

हनुमानगढ़, (निसं)। जंक्शन में रीको स्थित सेंट्रल वेयर हाउस के सामने किसान आंदोलन के एक वर्ष पूरा होने पर संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में सभा का आयोजन किया गया। सबसे पहले आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। किसान नेता रामेश्वर वर्मा ने कहा कि कि पिछले 1 वर्ष से किसान तीनों काले कानूनों के खिलाफ लड़ रहा है। इसमें जीत किसान की हुई है। किसानों और मजदूरों की एकजुटता से पूंजीपतियों की नीतियों की हार हुई है। मोदी सरकार लगातार किसानों व मजदूरों के विरोधी कानून बना रही थी लेकिन इस आंदोलन ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया। भादरा विधायक बलवान पूनियां ने कहा कि हम पिछले 1 वर्ष से लगातार सड़कों पर रहकर सर्दी-गर्मी, बारिश-आंधी सहन कर रहे है। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ के वेयर हाउस निजी कंपनी से वापिस नहीं लिए जाएंगे तब तक यहां धरना जारी रहेगा। गुरपिंद्रसिंह मान ने कहा कि किसान अपनी एकता और अपने मजबूत इरादे के साथ केंद्र सरकार से लड़ा है।

लोजपा ने पार्टी स्थापना दिवस मनाया

बीकानेर (निसं)। लोक जनशक्ति पार्टी स्थापना दिवस पार्टी की जिला इकाई ने रविवार को कोटगेट पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया । इस मौके पर लोजपा जिलाध्यक्ष रमजान मुगल की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय एकता के नारे लगाते हुए एक दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। लोजपा जिलाध्यक्ष रमजान मुगल ने अपने संदेश में देश की एकता और अखण्डता को मजबूत करने का आव्हान किया तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के साथ कोरोना से बचाव के लिये जागरूकता का आव्हान किया। मुगल ने लोजपा के संस्थापक अध्यक्ष स्व.रामविलास पासवान का श्रद्धामय स्मरण करते हुए कहा कि कार्यकर्ता लोजपा की नीतियों का अनुसरण करते हुए पार्टी को मजबूत बनाये। इस मौके पर लोजपा सचिव एवं मीडिया प्रभारी कुलदीप तंवर,युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह पंवार,वरिष्ठ नेता मंजूर कलाकार,नावेद सिद्दकी अनेक युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

व्यापारियों के दो धड़ों में बंटने के बाद फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन में नया विवाद

हनुमानगढ़, (निसं)। टाउन धानमंडी में व्यापारियों के दो धड़ों में बंटने के बाद फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन में नया विवाद हो गया। एसो. कार्यालय में हुई बैठक में मौजूद व्यापारियों ने घनश्याम भादू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया।

उधर, एसो. के वर्तमान अध्यक्ष आशीष हिसारिया, सचिव विजय गर्ग व कोषाध्यक्ष विक्रमजीत संधा सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस चुनाव को असंवैधानिक बताते हुए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर एडवोकेट मदन पारीक को अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। इसके तहत चुनाव 5 दिसंबर को करवाने की घोषणा की गई। इस तरह से फूडग्रेन मर्चेंट्स एसो. में व्यापारियों की राजनीति में नया मोड़ आ गया। इस तरह से दो धड़ों के बाद अब व्यापारियों में तीसरा धड़ा बनता नजर आ रहा है। यहां बता दें कि इससे पहले गत 7 अक्टूबर को 100 से अधिक व्यापारी फूडग्रेन एसो. से अलग होकर व्यापार संघ का गठन कर चुके हैं, जिसके राजकुमार सोडा अध्यक्ष हैं।

फूडग्रेन मर्चेंट्स एसो. ने लैटरहैड पर प्रेस नोट जारी कर 5 दिसंबर को चुनाव करवाने का ऐलान किया है। ऐसे में अब व्यापारियों की आगामी रणनीति पर सबकी नजर है। रजिस्टर्ड संस्था होने के कारण कुछ व्यापारी कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

टाउन मंडी के कई व्यापारियों की बैठक शनिवार को फूडग्रेन एसो. कार्यालय में हुई, जिसमें व्यापारियों ने तीन माह की देरी के बाद भी वर्तमान अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की ओर से चुनाव नहीं करवाए जाने का मुद्दा उठाया। इस बीच पूर्व में अध्यक्ष रह चुके घनश्याम भादू को नया अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर व्यापारियों ने सहमति जताई।

इसके बाद घनश्याम भादू को फूलमालाएं पहनाकर पंडित बुलाकर तिलक लगा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा दिया। भादू ने दावा किया कि उनको 80 से अधिक व्यापारियों ने समर्थन देकर चुना है। इस मौके पर वीएम शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक जिंदल, पूर्व अध्यक्ष पवन कंदोई, बालकिशन गोल्याण, अशोक लाटा, सूरजभान मित्तल, विनोद गुप्ता मोदी, संजय जैन, प्यारेलाल काठपाल, अमित गोदारा, ईश्वर कर्मचंदानी, ओमप्रकाश हिसारिया, दुलीचंद, बद्रीप्रसाद, सुरेंद्रपाल, प्यारेलाल, हरबंसलाल नागपाल, एसपी गाड़िया, रामप्रताप, मोहनलाल, रतनलाल, मनोहरलाल, नंदलाल, बलराम, सुभाषचंद्र, अमीचंद, गणेशाराम, रतीराम, कमल चाचाण, सुनील सिंगला आदि मौजूद थे।

फूडग्रेन मर्चेंट्स एसो. के अध्यक्ष आशीष हिसारिया का कहना है कि मनमानी का आरोप पूरी तरह से निराधार है। व्यापारियों को जल्द चुनाव करवाने के लिए आश्वस्त किया था, जिसके तहत 5 दिसंबर को चुनाव करवाए जाएंगे। ऐसे में इस तरह की बैठक करना ही गलत है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट मदन पारीक व अरुण शर्मा को नियुक्त किया गया है। संस्था में किसी भी पद के लिए सर्वसम्मति से किसी को निर्वाचित नहीं किया गया है और हर बार की तरह चुनाव द्वारा ही संस्था पदाधिकारियों का निर्वाचन किया जाएगा। शनिवार को हुआ घटनाक्रम पूरी तरह से असंवैधानिक है। वर्ष 1965 में स्थापित फूडग्रेन मर्चेंट्स एसो. के टाउन धानमंडी व गुड़ मंडी के व्यापारी सदस्य हैं। फूडग्रेन का व्यापारियों से धर्मादा (लगान) के रूप में आने वाली राशि से सालाना लाखों का टर्नओवर होता है। मंडी में जिंसों की खरीददार व बिकवाल से प्रति सैकड़ा सात-सात पैसा लगान लेते हैं। संस्था की धर्मशाला, दुकानों आदि के रूप में करोड़ों रुपए की संपत्ति है। इसमें फूडग्रेन की ओर से वीएम शिक्षा समिति और गोशाला के अलावा कई और संस्थाओं को भी आर्थिक सहयोग किया जाता है।

घनश्याम भादू का कहना है कि व्यापारियों ने निर्णय लिया था कि अगर शुक्रवार तक चुनाव की घोषणा नहीं होती है तो अपने स्तर पर चुनाव करेंगे। इसी के तहत आमसभा की बैठक में मुझे छठी बार अध्यक्ष चुना गया। पिछले तीन माह से चुनाव करवाने की मांग की जा रही थी, लेकिन अध्यक्ष मनमानी करते रहे। इस कारण परेशान व्यापारियों ने मुझे नेतृत्व सौंपा है। हिसारिया ने अगर चुनाव करवाने थे तो बैठक में आते, लेकिन ऐसा नहीं किया। बल्कि बैठक नहीं होने की सूचना देने की कोशिश की। मैं पहले 5 बार अध्यक्ष रहा हूं। शपथ ग्रहण के नाम पर संस्था का खर्च नहीं किया, अब भी नहीं करूंगा।

सार-समाचार

रोटरी क्लब ने बैंचों का उद्घाटन किया

बीकानेर, (निसं)। जिले के स्थानीय मुरलीधर व्यास नगर सामुदायिक भवन पार्क में रोटरी कूब द्वारा स्थानीय लोगों की सहायतार्थ एवं वृद्ध जनों के आराम हेतु लगाई गई बेंचो का आज उद्घाटन किया गया । एमडी वी सेलिब्रिटी ग्रुप के संयोजक योगेश बिस्सा ने बताया कि जहां अभी कुछ समय पूर्व ही बीकानेर की सामाजिक कार्यों में सदैव सरोकार की भूमिका निभाने वाली व पर्यावरण के प्रति जनचेतना जागृत करने वाली बीकानेर की प्रमुख संस्था रोटरी कूब द्वारा इसी सामुदायिक भवन पार्क में मिनी फॉरेस्ट प्लान के अंतर्गत पर्यावरण को बढ़ावा देने अंतर्गत पौधे लगाकर एमडीवी सेलिब्रिटी ग्रुप के सदस्यों को इसके संरक्षण का कार्यभार सौंपा गया था वही आज लगाई गई बेंचो का उद्घाटन कर यहां के स्थानीय निवासियों विशेषकर वृद्ध जनों के सहायतार्थ विशेष सहयोग प्रदान किया गया। एम डीवी सेलिब्रिटी ग्रुप के सचिव पवन राठी के अनुसार इस अवसर पर जहां एक और रोटरी कूब से प्रमुख रूप से दिनेश आचार्य, राजेश चुरा, विजय कुमार हर्ष, महेंद्र चुरा आदि गणमान्य उपस्थित हुए वही एम डी वी सेलिब्रिटी ग्रुप की ओर से दिनेश बिस्सा,ग्रुप संयोजक योगेश बिस्सा, ऋषि कुमार तंवर, पवन राठी, राजेश भार्गव पवन स्वामी विनोद सोनी पंकज पारीक अजय पुरोहित एवं बृजेश आदि अनेक सदस्य भी मौजूद थे।

ऑनलाइन स्टडी का सत्यापन 10 तक

बीकानेर, (निसं)।। राज्य के प्राइवेट स्कूलों को पिछले शिक्षा सत्र 2020-21 में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेशित स्टूडेंट्स की फीस का भुगतान ऑनलाइन स्टडी के सत्यापन के बाद होगा।राज्य के प्राइवेट स्कूलों को पिछले शिक्षा सत्र 2020-21 में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेशित स्टूडेंट्स की फीस का भुगतान ऑनलाइन स्टडी के सत्यापन के बाद होगा। पिछले शिक्षा सत्र में ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले नि:शुल्क प्रवेशित स्टूडेंट्स के सत्यापन के लिए दलों का गठन 28 नवंबर तक करना होगा। इन दलों की ओर से 10 दिसंबर तक प्राइवेट स्कूलों में ऑनलाइन शिक्षण कार्य का सत्यापन किया जाएगा।सत्यापन रिपोर्ट 13 दिसंबर तक शिक्षा विभाग के जिला दफ्तरों में जमा करानी होगी। जिला कार्यालयों की ओर से शिक्षा निदेशालय को 17 दिसंबर तक यह रिपोर्ट भेजनी होगी। विदित रहे कि पिछले शिक्षा सत्र में कोरोना संक्रमण के कारण स्टूडेंट्स की पढ़ाई के लिए ऑफलाइन स्कूल बंद थे ज्यादातर स्टूडेंट्स की पढ़ाई ऑनलाइन ही चली। जिन प्राइवेट स्कूलों ने निशुल्क प्रवेशित बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करवाई है उन्हें ही फीस भुगतान किया। प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा सत्र 2020-21 के ऑनलाइन शिक्षण सत्यापन के लिए शिक्षा निदेशक कानाराम ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह का बीकानेर में स्वागत

बीकानेर, (निसं)। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ जीतेन्द्र सिंह के रविवार को बीकानेर पहुंचने पर शिविका गार्डन में स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि 6 बार के निर्वाचित विधायक और सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री पदों पर रहते हुए उनके कार्यों और अनुभव का लाभ लेते हुए वे अपने नए दायित्व का निर्वहन करके राज्य की सेवा करेंगे। मुख्यमंत्री के विश्वास के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे लोगों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्याम तंवर ने उनके पूर्व मंत्रीत्व काल में बीकानेर के विकास में दिए गए योगदान की सराहना की। इस दौरान सुभाष मित्तल, लक्ष्मण कड़वासरा, भोपाल सिंह, सतीश चारी, कैलाश गोयल, सलीम भाटी, छत्रपाल सिंह, डॉ बी एल खजोटिया, नवरत्न शर्मा, गणेश ओझा एवं प्रो टी के गहलोत ने उनका अभिनंदन किया। समारोह में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिला समान परीक्षा के तहत अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 13 से

बीकानेर, (निसं)। शिक्षा विभाग ने 9वीं से 12वीं कक्षा की जिला समान परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी है। जिला समान परीक्षा के तहत अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 13 दिसंबर से शुरू होंगी। शिक्षा विभाग ने इस बार जिला समान परीक्षा की जिम्मेदारी बोथरा स्कूल को दी है। पूर्व में यह जिम्मेदारी चोपड़ा स्कूल के पास थी। समान परीक्षा योजना संयोजक भारती शर्मा ने बताया कि सामान्य शुल्क में संस्था प्रधान एक दिसंबर तक परीक्षा शुल्क का चालान कटवा सकेंगे। जिले के सभी गवर्नमेंट और प्राइवेट माध्यमिक-उच्च माध्यमिक स्कूलों के संस्था प्रधानों को निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। समान परीक्षा के लिए प्रति स्टूडेंट्स 10 का शुल्क निर्धारित किया गया है। 9वीं से 12वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए सिलेबस जारी किया जा चुका है। परीक्षा का टाइम टेबल इसी सप्ताह जारी कर दिया जाएगा। अर्द्धवार्षिक परीक्षा में स्टूडेंट्स को बोर्ड की ओर से कटौती किए गए पाठ्यक्रम के 60 फीसदी चैप्टर में से प्रश्न पूछे जाएंगे।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी जिला परिषद सदस्य नामांकन लेंगे

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जाकिर हुसैन ने श्रीगंगानगर जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन पत्र लेने के लिए 3 सहायक रिटर्निंग अधिकारी अधिकृत किए है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गंगानगर जिला परिषद के जोन संख्या 1 से 11 तक, अतिरिक्त जिला कलक्टर सतर्कता जिला परिषद जोन 12 से 21 तथा नगर विकास न्यास के सचिव जोन संख्या 22 से 31 तक का कार्य देखेंगे एवं नाम निदेशन पत्र प्राप्त करेंगे। नाम निर्देशन प्राप्त करने के समय